CAMO.

L'escapade de Miquette.

मिकेट का भागना

दुनिया की पहली
फ्रेंच–हिंदी
द्विभाषीय पुस्तक

आदित्य श्रीवास्तव
आलोक श्रीवास्तव

Camo

L'escapade de Miquette.

मिकेट का भागना

मूल रचनाकार एवं चित्र

कैमो

हिंदी लेखन एवं कवर आर्ट

आदित्य श्रीवास्तव

हिंदी सह-लेखन एवं संपादन

आलोक श्रीवास्तव

L'escapade de Miquette.

मिकेट का भागना

Miquette est une jolie petite fille de cinq ans, rose, vive et gaie; mais il surgit parfois sous sa toison dorée des idées tout à fait singulières; ainsi, ce matin, elle refuse catégoriquement de manger sa soupe.

मिकेट पाँच साल की एक प्यारी, नन्ही बच्ची है जो गुलाबी, जिंदादिल और खुशमिजाज है; लेकिन कभी-कभी, उसके सुनहरे ऊनी बालों के नीचे उसके दिमाग में बिलकुल अनोखे ख्याल आ जाते हैं; इसलिए, आज सुबह उसने सूप पीने से साफ़ इनकार कर दिया है।

Miquette jette à terre, avec une moue dégoûtée, le chocolat qui lui est offert pour remplacer la soupe. La poupée Zizi est indignée. Quelle petite capricieuse!

मिकेट ने नफरत से मुँह फुलाकर उस चॉकलेट को जमीन पर फेंक दिया है, जो उसे सूप के बदले में दिया गया है। जीजी गुड़िया उससे नाराज़ है। "यह नन्ही बच्ची कितनी सिरफिरी है!"

De grosses larmes roulent sur les joues de Miquette: ne veut-on pas maintenant l'obliger à manger ce vilain œuf?

मिकेट के गालों पर मोटे-मोटे आँसू गिर रहे हैं: अब क्या हम उसे जबरन यह बेकार अण्डा खिलाना चाहते हैं?

—Qu'on le donne à Zizi!

"इसे जीजी को दे दो!"

Non! décidément cela ne peut pas durer ainsi, Miquette est trop malheureuse! Elle jette sa serviette, renverse son tabouret et s'enfuit...

नहीं! साफ तौर पर यह ऐसे नहीं चल सकता है, मिकेट बहुत दुःखी है! वह अपनी तौलिया फेंक देती है, अपने स्टूल को गिरा देती है और भाग जाती है...

Miquette franchit la porte du jardin en courant. Enfin! elle va être libre comme les petits paysans qui jouent toute la journée dans les champs.

मिकेट बगीचे के दरवाजे से भाग रही है। आखिरकार! वह उन छोटे किसानों की तरह आजाद रहेगी जो सारा दिन मैदानों में खेलते रहते हैं।

Quelles délices! Le ciel est bleu, les oiseaux chantent, les prés sont remplis de jolies fleurettes. Miquette ne se lasse pas de faire des bouquets.

कितना सुखद है! आसमान नीला है, पक्षी चहक रहे हैं, घास के मैदान खूबसूरत फूलों से भरे हैं। मिकेट को गुलदस्ते बनाने में कभी ऊब नहीं होती है।

Frou... frou... frou... Qu'est-ce qui bouge ainsi? Miquette se retourne vivement, un peu effrayée. Un petit nez qui remue drôlement, deux longues oreilles.

खर... खर... खर... यहाँ इस तरफ झाड़ियों में कौन हिल रहा है? मिकेट थोड़ा भयभीत होकर तेजी-से मुड़ती है। दिलचस्प तरीके से हिलती एक छोटी नाक और दो लम्बे कान नजर आते हैं।

—Bonjour, Jeannot Lapin!

"तुम्हारा दिन शुभ हो, जेनो खरगोश!"

Miquette se roule avec des cris de joie dans l'herbe parfumée; étendue sur ce moelleux tapis, elle contemple les nuages qui courent vite, vite...

मिकेट ख़ुशी से चिल्लाते हुए खुशबूदार घास में लोटती है; घास की मुलायम कालीन पर खुद को पसार कर, वह तेजी-तेजी जाते बादलों को निहारती है...

Quel gentil carillon! Miquette écoute, elle compte, c'est midi, c'est l'angélus... Au détour d'un sentier, elle aperçoit un clocher et s'élance dans la direction du village.

कितनी अच्छी घंटियों की आवाजें हैं! मिकेट सुनती है, वह गिनती है, दोपहर हो गई है, यह l'angelus[1] की घंटी है... रास्ते के मोड़ पर वह गिरजाघर के घंटाघर को देखती है और गाँव की दिशा में भागती है।

[1] L'angelus-यह रोमन कैथलिक धार्मिक रीति है जिसमें चर्च में सुबह, दोपहर और शाम के वक्त घंटा बजाकर ईसा मसीह के जन्म का उत्सव मनाया जाता है।

Miquette s'arrête, intéressée; toute une nichée de petits poussins picorent avec ardeur sous la surveillance de maman poule qui leur désigne du bec le grain qu'ils doivent prendre. Ils sont très obéissants, les poussins.

मिकेट रूचिपूर्वक रुक जाती है; नन्हे चूजों का पूरा समूह जोश-से अपनी माँ मुर्गी की निगरानी में दाना चुग रहा है, जो उन्हें बता रही है कि उन्हें कौन-से दाने खाने हैं। वे चूजे बहुत आज्ञाकारी हैं।

Voici maintenant des moutons; ils broutent sagement l'herbe épaisse du pré; Miquette, pour mieux les considérer, s'étend à plat ventre près d'eux.

यहाँ अब भेड़ें हैं; वे मैदानों की घनी घास को समझदारी से खा रही हैं; मिकेट उन्हें अच्छे-से देखने के लिए, उनके बगल में समतल लेट जाती है।

—Ça doit être délicieux, des fleurs; mange, petit mouton!

"ये फूल खाने में स्वादिष्ट होंगे; खाओ, नन्ही भेड़!"

Des grognements féroces attirent Miquette dans la cour d'une ferme. Deux grosses bêtes, les pieds dans leur auge, dévorent gloutonnement leur pâtée. Dieu! qu'ils sont laids; Miquette se détourne, écœurée.

भीषण घुरघुराहट की आवाजें मिकेट का ध्यान एक खेत के प्रांगण में खींच लेती है। दो मोटे जीव अपने पैरों को हौदी में डालकर अपने खाने को बड़े भुक्खड़पन से खा रहे हैं। "हे ईश्वर! वे इतने भद्दे हैं," मिकेट घृणा से मुड़ जाती है।

Le grand air, ça creuse, et Miquette se sent tout à coup un grand appétit; elle envie le petit bonhomme qui mord à pleine bouche dans sa tartine. Et Miquette grogne:

खुली हवा, उसे कुरेदती है, और मिकेट को अचानक बहुत भूख महसूस होने लगती है; उसे छोटे किसान से ईर्ष्या होती है, जो ब्रेड की कतली को अपने मुंह से काटता है। और मिकेट भुनभुनाती है:

—J'ai faim, moi, na!

" मैं, न-- मैं भूखी हूँ!"

Miquette arrête un petit paysan chargé d'une terrine pleine d'un liquide blanc qui lui semble délicieux:

मिकेट एक छोटे किसान को रोकती है जिसने सफ़ेद द्रव से भरी एक परात उठा रखी है। यह द्रव देखने में उसे स्वादिष्ट लगता है:

—Donne-moi un peu de ton lait, dis, j'ai très faim.

"मुझे थोड़ा दूध दे दो, मैं बहुत भूखी हूँ।"

—C'est point du lait, mam'zelle, c'est du caillé!

"यह दूध नहीं है, mam'zelle,[2] यह दही है!"

[2] mam'zelle-कम आयु की लड़कियों के लिए संबोधन।

—Pouah! du caillé, c'est mauvais! Tu as donc déjà mangé la crème?

"ऊह! दही, यह बहुत खराब है! तो तुमने पहले ही मलाई खा ली है?"

—Oh! non, mam'zelle, la crème on l'a vendue au château...

"ओह! नहीं, mam'zelle, मलाई को हवेली में बेच दिया गया है.."

Une toute petite, émue de l'air désolé de Miquette, la tire par sa robe:

एक नन्ही बच्ची, मिकेट की दयनीय हालत से प्रभावित होकर, उसे उसकी ड्रेस से खींचती है:

—Pleure pas, voilà un gros morceau de couenne de lard, c'est ça qui est bon!

"रो मत, यहाँ couenne de lard[3] का बड़ा टुकड़ा है, यह बहुत अच्छा है!"

Miquette refuse.

मिकेट इनकार कर देती है।

—Et toi, qu'est-ce que tu manges?

"और तुम--तुम क्या खा रही हो?"

—Du pain frotté d'ail, mam'zelle.

"लहसुन लगी ब्रेड, mam'zelle।"

[3] couenne de lard-सूअर के गोश्त का टुकड़ा।

Quelle horreur! Miquette reste rêveuse; décidément, les petits paysans ne se régalent pas de bonnes choses.

कितना खराब है! मिकेट सोचने लग जाती है; स्पष्ट रूप से, छोटे किसान अच्छी चीजों को नहीं खाते हैं।

Une fillette toute ronde passe avec un gros pain sous son bras, Miquette court après:

एक बिलकुल गोल-मटोल लड़की अपनी बाजू के नीचे एक बड़ी ब्रेड लेकर गुजरती है। मिकेट भागकर उसके पीछे जाती है:

—Donne, donne-moi vite du bon pain de seigle; je l'aime beaucoup.

"मुझे दो, मुझे यह राई की ब्रेड दो; मुझे यह बहुत ज्यादा पसंद है।"

Mais, après l'avoir goûté, Miquette le jette loin d'elle, en faisant la grimace. Ça ne vaut pas la brioche qu'elle dédaignait hier encore. Elle se trouve tout à coup bien ingrate.

लेकिन उसे चखने के बाद, मिकेट मुंह बनाते हुए उसे खुद से दूर फेंक देती है। यह उस brioche[4] के बराबर भी नहीं जिसकी उसने कल तौहीन की थी। उसे समझ में आता है कि उसने बहुत एहसानफ़रामोश बर्ताव किया था।

[4] Brioche-एक प्रकार की पेस्ट्री।

Vite, allons retrouver maman. Miquette court à perdre haleine et ne s'arrête que devant la barrière du jardin. Oh! joie, voilà la maison et la petite Blanchette qui se promène tranquillement dans l'herbe.

"जल्दी-से, चलो माँ को ढूँढते हैं।" भागते हुए मिकेट का दम फूल जाता है, लेकिन वह सिर्फ बगीचे के फाटक के सामने पहुँचकर ही रुकती है। ओह! खुश हो जाओ, यहाँ घर आ गया है और नन्ही *ब्लान्शेट बकरी* शांतिपूर्वक घास पर टहल रही है।

Miquette ne veut plus être capricieuse, comprenant enfin combien elle était choyée, et c'est d'un petit air bien humble qu'elle vient à la cuisine réclamer son déjeuner.

मिकेट अब और सिरफिरा बर्ताव नहीं करना चाहती है। आखिरकार वह समझ गई है कि उसे कितना दुलार दिया जाता है, और वह रसोई में अपना दोपहर का खाना माँगने थोड़ी विनम्रता के भाव के साथ आती है।

—Ma soupe, ma bonne petite soupe, ne cesse de dire Miquette; puis elle en réclame une seconde fois; jamais elle ne l'a trouvée aussi exquise.

--मेरा सूप, मेरा अच्छा-सा थोड़ा-सा सूप, मिकेट बोलती रहती है; फिर वह दूसरी बार इसकी मांग करती है; उसने कभी भी उसे इतना स्वादिष्ट नहीं पाया था।

Après la soupe, Miquette accueille avec transport l'œuf dont elle se barbouille jusqu'aux yeux. Turc se demande avec inquiétude s'il en restera pour lui et Zizi enthousiasmée bat des mains et crie bravo!

सूप के बाद, मिकेट लाये गए अण्डे का स्वागत करती है, जिसे वह अपनी आँख तक पोत लेती है। कुत्ता *तुर्क* यह सोचकर चिंतित है कि क्या उसके लिए कुछ बचेगा और जीजी उत्साहित होकर ताली बजाती है और चिल्लाती है "शाबाश!"

Miquette a un bon petit cœur; elle veut partager son régal; vite elle court à sa chambre et revient les bras chargés de ses enfants.

मिकेट का एक नन्हा-सा अच्छा दिल है; और वह अपने खाने को बाँटना चाहती है; वह तेजी-से भागकर अपने कमरे में जाती है और अपने बच्चों को अपनी बाजूओं में लेकर लौटती है।

—Venez, mes chéris!

"आओ, मेरे प्यारों!"

Les chéris bien installés en rond, Miquette procède à la distribution avec beaucoup de justice. Chacun son tour.

अपने प्यारों को गोल घेरे में बैठाकर, मिकेट खाने को बहुत न्यायपूर्वक बाँटने लगती है। हर किसी की बारी आती है।

La tasse est vide. Miquette est radieuse, ses enfants ont certainement fait un délicieux repas. D'un ton grave, elle déclare:

प्याला खाली है। मिकेट प्रसन्न है, उसके बच्चों ने यकीनन एक स्वादिष्ट भोजन किया है। वह गंभीर स्वर में कहती है:

—Et puis, vous savez, pour grandir, il faut toujours bien manger sa soupe.

"और इसके बाद, आप जान गए होंगे कि बड़ा होने के लिए आपको हमेशा अपना सूप खाना होता है।"

***

CAMO.
MIQUETTE
BAPTISE
SA POUPÉE
मिकेट ने किया अपनी
गुड़िया का नामकरण
FRAGILE

Miquette baptise sa poupée

मिकेट ने किया अपनी गुड़िया का नामकरण

Un beau matin, Miquette reçoit une caisse. Elle l'ouvre et reste en extase devant une magnifique poupée bouclée. Polo sifflote d'un air indifférent.

एक खूबसूरत सुबह, मिकेट को एक बक्सा मिला। उसने उसे खोला और उसमें एक खूबसूरत घुंघराले बालों वाली गुड़िया को अपने सामने पाकर मंत्रमुग्ध हो गई। पोलो बेपरवाही से सीटी बजाता है।

—Tu vas voir, mon petit, si tu feras longtemps le dédaigneux, dit Miquette. Je vais faire le baptême de ma poupée, et je parie que tu seras bien content si je t'invite.

"मेरे छोटे भाई, यदि तुम ज्यादा समय तक हेठी दिखाते रहोगे, तो तुम इसका अंजाम देख लोगे," मिकेट ने कहा। "मैं अपनी गुड़िया के नामकरण संस्कार का आयोजन करूंगी और मैं शर्त लगा सकती हूँ कि यदि मैं तुम्हें आमंत्रित करूंगी तो तुम्हें ख़ुशी होगी।"

Miquette se pare de ses plus beaux atours pour aller chercher ses amis.

मिकेट अपने दोस्तों को बुलाने के लिए अपने सबसे अच्छे कपड़ों में सज जाती है।

«Je ne suis vraiment pas mal» se dit-elle en contemplant sa toilette dans la glace.

"मैं इतनी बुरी भी नहीं लगती हूँ," वह अपने प्रसाधन कक्ष के आईने में देखकर खुद से कहती है।

Tout d'abord, Miquette se rend chez sa petite cousine Jabotte.

सबसे पहले, मिकेट अपनी छोटी चचेरी बहन जैबट से मिलने जाती है।

—Veux-tu être marraine de ma nouvelle fille; on fera le baptême ce soir?

"क्या तुम मेरी नई बेटी की धर्ममाता बनोगी? हम आज रात उसका नामकरण करेंगे।"

Jabotte accepte avec joie.

जैबट सहर्ष राज़ी हो जाती है।

En chemin, Miquette voit venir un de ses petits camarades de jeux, le turbulent Bobby et son inséparable Gyp.

रास्ते में, मिकेट अपने एक नन्हे बालमित्र, खुराफाती बॉबी से मिलती है और उसके साथ हमेशा रहने वाला उसका कुत्ता ज़ीप है।

—Bonjour Bobby, veux-tu être le parrain de ma poupée?

"तुम्हारा दिन शुभ हो बॉबी, क्या तुम मेरी गुड़िया के धर्मपिता बनना चाहोगे?"

—Oui, dit Bobby, à condition que tu invites aussi Gyp.

"हाँ, बॉबी बोला, एक शर्त पर कि तुम मेरे ज़ीप को भी आमंत्रित करो।"

—Entendu!

"ठीक है!"

En sortant du cours de dessin, Miquette arrête son amie Rita:

अपनी चित्रकारी की कक्षा से निकलते हुए, मिकेट ने अपनी दोस्त रीटा को रोका:

—Y aura-t-il beaucoup de gâteaux au goûter? demande Rita.

"क्या वहाँ पर चखने के लिए ढेर सारे केक होंगे?" रीटा ने पूछा।

—Mais oui, dit Miquette.

"संभवतः हाँ," मिकेट ने कहा।

—Oh! alors je viendrai sûrement, déclare Rita.

"ओह! तो मैं जरूर आऊँगी," रीटा ने कहा।

En rentrant chez elle, Miquette s'arrête chez le pâtissier pour acheter quelques friandises. Mais elle reste perplexe devant toutes les bonnes choses étalées devant ses yeux.

घर लौटते वक्त, मिकेट पेस्ट्री की दुकान पर कुछ मिष्ठान खरीदने के लिए रूकती है। लेकिन अपनी आँखों के आगे सजी सभी अच्छी चीजों से उलझी रहती है।

Miquette se décide enfin à prendre quelques brioches, des éclairs et des tartes aux cerises. Elle rentre chez elle en courant.

अंत में, मिकेट कुछ brioches, des éclairs[5] और des tartes aux cerises[6] को लेने का निर्णय करती है। वह भागते हुए घर जाती है।

Son petit frère Polo la regarde d'un œil curieux pendant qu'elle prépare le goûter dans la tonnelle.

उसका छोटा भाई पोलो उसकी तरफ उत्सुकता भरी निगाहों से देखता है जब वह कुंज में दोपहर का नाश्ता बनाती है।

[5] des éclairs-एक छोटा अंगुली के बराबर का अण्डाकार केक जिसके भीतर क्रीम भरी होती है।

[6] des tartes aux cerises-चेरी के फल से बनाई जाने वाली पेस्ट्री

Aussi, pendant que Miquette est allée s'habiller, Polo fait main basse sur les gâteaux. Il ne s'arrête que lorsque les assiettes sont vides. Bien sûr il aura une indigestion!

इसके अलावा, जब मिकेट तैयार होने जाती है, तो पोलो अपने हाथ से केकों को लेता जाता है। वह तभी रुकता है जब तश्तरियाँ खाली हो जाती हैं। निश्चित तौर पर उसे बदहजमी हो जायेगी!

Miquette descend en grande toilette.

मिकेट शानदार कपड़ों में नीचे आती है।

—Vois, si je suis belle, dit-elle d'un air modeste.

"देखो, क्या मैं खूबसूरत लग रही हूँ," वह संकोचपूर्वक बोलती है।

Polo est un peu honteux de sa figure barbouillée et de ses mains pleines de crème.

पोलो अपनी पुती हुई सूरत की वजह से थोड़ा शर्मिंदा है और उसके हाथ क्रीम से भरे हुए हैं।

Mais il n'est plus temps d'aller se changer, car voilà déjà la marraine chargée de nombreux cadeaux. Miquette la prend par le cou:

लेकिन कपड़ा बदलने के लिए बिलकुल समय नहीं है, क्योंकि धर्ममाता पहले ही कई सारे तोहफों को लेकर आ गई है। मिकेट उसके गले पर हाथ रख देती है:

—Viens voir ma poupée chérie!

"आओ मेरी प्यारी गुड़िया को देखो!"

—Regarde ce que je t'ai apporté, dit Jabotte en dépliant un charmant bonnet et une robe de baptême. Donne ta fille que je lui mette toutes ces belles choses.

"देखो मैं तुम्हारे लिए क्या लाई हूँ," जैबट ने एक आकर्षक टोपी और एक नामकरण वाले लबादे को खोलते हुए कहा। "अपनी बेटी को ये सारी खूबसूरत चीजें दे दो, जो मैं उसके लिए लाई हूँ।"

L'arrivée de Bobby, un peu bruyante, avec Gyp, fait sursauter les petites filles:

ज़ीप कुत्ते के साथ, बॉबी का थोड़ा कोलाहलकारी आगमन, नन्हीं लड़कियों को चौंका देता है:

—J'apporte rien, déclare Bobby en retournant ses poches, parce que j'ai dépensé tous mes sous à la Foire.

"मैं कुछ नहीं लाया हूँ," बॉबी ने अपने जेबों को उलटते हुए कहा, "क्योंकि मेरे सारे पैसे मेले में खर्च हो गए हैं।"

Voici enfin Rita. Polo court à sa rencontre. Il a un faible pour cette bonne grosse qui aime tant les sucreries, comme lui:

आखिर में यहाँ रीटा आ गई है। पोलो दौड़कर उससे मिलने जाता है। यह प्यारी गोलमटोल लड़की उसकी कमजोरी है, जो उसकी तरह ही मिठाइयों को बहुत पसंद करती है:

—Viens Rita, tu seras ma cavalière!

"चलो आओ रीटा, तुम मेरी घुड़सवार बनोगी!"

Miquette baptise sa poupée

Le cortège se forme, Jabotte portant la poupée. Comme les cavaliers ne sont pas assez nombreux, Gyp fait l'office d'un monsieur.

जुलूस तैयार हो गया है, जैबट गुड़िया को लेकर चल रही है। क्योंकि घुड़सवार ज्यादा नहीं है, ज़ीप कुत्ता अंगरक्षक का काम कर रहा है।

Bobby prétend nommer la poupée: Bobine. La marraine proteste avec énergie.

बॉबी गुड़िया का नामकरण करता है: बॉबीन। धर्ममाता जोर-शोर से विरोध करती है।

—Tiens! dit Bobby furieux, en jetant de l'eau à la poupée, voilà comment je la baptise!

"देखो!" बॉबी गुड़िया पर उग्रता से पानी फेंकते हुए कहता है, "इस तरह मैं इसका नामकरण करता हूँ!"

—Oh!!! s'écrient en chœur les invités, et on pose la poupée dans l'herbe pour courir après le coupable qui se sauve à toutes jambes.

"ओह!!!" मेहमान एक स्वर में चिल्लाते हैं और वे गुड़िया को घास पर रखकर अपराधी का पीछा करते हैं, जो पूरी गति से दूर भाग जाता है।

Abandonnant Bobby, les invités se dirigent vers la tonnelle pour se restaurer. Polo reste prudemment à l'écart, se demandant ce qu'il arrivera lorsqu'on aura découvert son larcin.

बॉबी को छोड़ कर, मेहमान कुंज में खाने के लिए जाते हैं। पोलो सावधानी से दूर रहता है और कल्पना करता रहता है कि जब उसकी चोरी के बारे में पता चलेगा तो क्या होगा।

Les petites filles restent consternées devant les assiettes vides. La gourmande Rita a bien envie de pleurer.

नन्ही लड़कियाँ खाली प्लेटों को देखकर हतोत्साहित हो जाती हैं। पेटू रीटा को रोने की इच्छा करने लगती है।

Polo se tient coi.

पोलो खामोश रहता है।

—Voulez-vous que nous dansions un peu pour nous consoler? dit Miquette.

"क्या तुम चाहोगे कि हम थोड़ा नाचें, जिससे हमें सांत्वना मिले?" मिकेट ने कहा।

Les figures s'éclairent et l'on dit «oui» à l'unanimité!

लोगों के चेहरे चमक जाते हैं और वे एकमत होकर कहते हैं "हाँ!"

Le chagrin est bien vite oublié. Polo exécute des pas de fantaisie, croyant déjà être quitte de son méfait.

दुःख को भुला दिया जाता है। पोलो अनोखा नाच करता है। वह अभी से सोचने लगा है कि उसे अपने गलत काम से मुक्ति मिल गई है।

Au beau milieu des réjouissances, on voit arriver Gyp sautillant avec la poupée. Le bon toutou veut danser aussi.

ख़ुशी के माहौल के बीच में, हम ज़ीप को गुड़िया के साथ फुदकते हुए आते देखते हैं। वह अच्छा कुत्ता भी नाचना चाहता है।

Mais un affreux bruit de porcelaine brisée fait accourir les invités. Gyp reste stupide devant les débris de la poupée.

लेकिन चीनी मिट्टी के टूटने की भयानक आवाज मेहमानों को भागते हुए आने पर मजबूर कर देती है। ज़ीप बेवकूफों की तरह गुड़िया के टुकड़ों के आगे खड़ा है।

Miquette éclate en sanglots et chacun reste silencieux. Gyp, cause de tout le mal, courbe le nez devant les remontrances de Bobby.

मिकेट रोने लगती है और हर कोई खामोश हो जाता है। ज़ीप, जो सारी परेशानी की वजह है, बॉबी की फटकार के आगे अपनी नाक टेढ़ी करता है।

Triste fin de fête. Les amis se séparent. Miquette emporte les débris de sa pauvre fille, tandis que Polo commence à ressentir le mal au cœur causé par sa gourmandise.

पार्टी का दुखद अंत होता है। दोस्त अलग हो रहे हैं। मिकेट अपनी बेचारी बेटी के टुकड़ों को ढोकर ले जा रही है, जबकि पोलो को अपने पेटूपन की वजह से दिल में पीड़ा होने लगती है।

***